



## एक नजर में

### आगर जिले से साढ़े तीन लाख हस्ताक्षर का लक्ष्य

**आगर मालवा ।** संपूर्ण भारत में संत महापुरुषों के द्वारा चलाए जा रहे प्रथम चरण में गो सम्मान आह्वान अभियान की भारत की 5400 तहसीलो में तहसीलदार के माध्यम से 5 करोड़ हस्ताक्षरो से प्रार्थना पत्र युक्त की सफलता बाद द्वितीय चरण 27 जुलाई के लिए सम्पूर्ण भारतवर्ष के 790 जिले में कलेक्टर महोदय के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा।इसके लिए सम्पूर्ण वेदलक्षणा गोवंश की 'सेवा सुरक्षा सम्मान' के लिए भारत से गो हत्या बंद हो, जिसके लिए गोपालन मंत्रालय व केन्द्रीय कानून बने गो माता राष्ट्र माता बने जिसके लिए सत्संग भवन छावनी आगर मालवा मुख्यालय पर बैठक रखी गई। जिसमें बडौद, सुसनेर, पिपलोन, आगर मालवा से गो भक्त मातृशक्ति पधारें।इस दौरान बताया गया कि द्वितीय चरण में 27 जुलाई को देश के 790 जिले मुख्यालय पर प्रात: 8 से 9।15 तक सवा घंटे का विजय मंत्र 'श्री राम जय जय जय राम' जप होगा। पूरे देश से 15 करोड़ हस्ताक्षर होंगे।जिसमें आगर जिले से साढ़े तीन लाख हस्ताक्षर लक्ष्य रखा गया है।गो सम्मान आह्वान अभियान के लिए आगर नगर को दुल्हन की तरह सजाए जाने जैसे अनेक निर्णय लिए गए। गो भक्तों ने जिले सेवा प्रभार प्राप्त कर गो भक्तों ने देश के व आगर जिले के नागरिको मातृशक्ति, भाई, बंधुओ सभी सामाजिक जन से आग्रह किया। जिससे प्रतिदिन प्राण त्याग रहे 80000 गो वंश के प्राणो की रक्षा हो इस प्रकार अति महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

### श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट का शपथ ग्रहण समारोह

**शुजालपुर ।** श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया द्वारा नगर, तहसील एवं



जिला कार्यकारिणी तथा महिला मंडल की नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष डॉ। सुशील कुमार गेहलोत, महिला मंडल जिला अध्यक्ष बिंदु सोनी एवं नगर अध्यक्ष वर्षा कुशवाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में जिला अध्यक्ष डॉ। गेहलोत ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों का बाबा श्याम का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भाव से किया जाएगा तथा समाजहित एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। कार्यक्रम में हनी गुप्ता, शीला सोनी, सुगन पाटीदार, ममता परमार, नीलम चौरासिया, सपना सोनी, मोनिका माहेश्वरी, ममता धाकड़, आरती प्रजापति,मुस्कान खत्री सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

### घरेलू विवाद को लेकर मारपीट

**शुजालपुर ।** घरेलू विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में माया पति आकाश मालवीय निवासी अमलाय पत्थरकी ने बताया कि वह अपने पति के साथ अलग रहती है, जबकि उसके ससुर करणसिंह मालवीय और सास अलग मकान में निवास करते हैं। महिला के अनुसार उसका पति मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ था।इसी दौरान 13 मई को ससुर करणसिंह उसके घर के सामने आए और घर खाली करने की बात कहने लगे।महिला का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ अभद्रता की गई तथा लकड़ी के डंडे से मारपीट की गई, जिससे उसके हाथ में चोट आई, पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मोहन बड़ोदिया में नल-जल व्यवस्था ठप

**मोहन बड़ोदिया ।** मोहन बड़ोदिया में इन दिनों नलजल योजना भगवान भरोसे



चल रही है।6 से 7 दिनों में नलों से पानी आ रहा वो पीने योग्य नहीं। ग्रामीणों ने कहा हैडपंप से लाकर पी रहे पानी। बता दें मोहन बड़ोदिया में कुंडलिया डेम से पानी मोहन बड़ोदिया की टंकी में आ रहा और इससे मोहन बड़ोदिया की करीब 10 हजार से ऊपर की आबादी को पानी मिल रहा, किंतु मोहन बड़ोदिया में जो नलजल योजना के लिए नई पाइप डाली गई।उससे नलों में पानी का प्रेशर नहीं बन रहा।पानी की नियमित सप्लाई नहीं होने से 6 से 7 दिनों में पानी मिल रहा। वो भी बिना प्रेशर के। ग्रामीण जगदीश मालवीय ने बताया कि मोहन बड़ोदिया के नलखेड़ा रोड़ कॉलोनी में नलों से पानी आ रहा।वो भी बिना प्रेशर के।वहीं पानी के प्रेशर के लिए 75 का पाइप लगाया गया, 110 का पाइप होता, तो प्रेशर बनता। नलों से जो पानी आ रहा वो भी मटमेला आ रहा।विगत दो दिनों से कुंडलिया डेम से आ रही पाइप लाइन से भी पानी नहीं आ रहा।इस मामले में ठेकेदार का कहना है कि सोमवार सुबह सारंगपुर पेट्रोल पंप के समीप रोड पर बीएसएनएल वाले ने लाइन को डेमेज कर दिया। इस कारण कुंडलिया डेम की लाइन को बंद कर रखा है। मोहन बड़ोदिया सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर पाटीदार ने बताया कि लोगों को समय पर पानी मिले। इसलिए आज वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए कुएं से पानी टंकी में छोड़ा गया।

### किसानों ने लगाया अनियमितता का आरोप

**मोहन बड़ोदिया ।** मोहन बड़ोदिया तहसील के पीएसीएस मोहना केंद्र पर



किसानों की लंबी कतार, किसानों ने आरोप लगाया कि तीन से चार दिन हो गए किंतु उनकी उपज की तुलाई नहीं हो रही।किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि छांव के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।पीने के पानी का पानी टैंकर से पिलाया जा रहा, जो गर्म है और किसान पी नहीं सकते। किसान जुगल पटेल, विपुल पालीवाल, विनोद पटेल, सोनू जमालिया, लखन चौधरी ने कहा कि स्लॉट बुक किए चार दिन हो गए और सातवें दिन और पांचवें दिन नंबर नहीं आया।ऐसे में 7 दिन हो जाने पर स्लॉट कैंसिल हो जाएगा। किसानों का कहना है कि जहां किसानों की ट्राली खड़ी है, वहीं तुलाई की जाए। हमें तुलाई के लिए 1 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। मामले में सोसायटी के प्रभारी यशवंत आर्य ने किसानों के आरोपों को निराधार बताया। तो वहीं तहसीलदार दिव्या जैन से बात करने पर तुरंत उन्होंने संस्था प्रबंधक को तोल कांटे बढ़ाने और किसानों को पेयजल के लिए ठंडे पानी के मटके रखने के निर्देश दिए।

# विधायक ने पीड़ित परिवार से कहा 'मैं हूं ना...'

## आग लगने से जल गया था गृहस्थी का सामान, तुरंत सामग्री दिलाकर फिर से बसाई गृहस्थी



**शाजापुर। जनप्रतिनिधियों के बारे में आम धारणा है कि उनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर होता है, लेकिन शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने आमजनों के इस मिथक को तोड़ दिया है। उन्होंने इंसानियत की वो मिसाल पेश की, जिसे लोग कभी नहीं भूल पाएंगे। विधायक पहले तो उस पीड़ित परिवार से मिले, जिसकी गृहस्थी का सामान आग में जल गया था। उसके बाद मौके पर ही पीड़ित परिवार की सारी पीड़ा को दूर करते हुए उन्होंने करीब सवा लाख की सहायता राशि मुहैया करवाकर पुन: गृहस्थी का सामान बसा दिया।**

दरअसल, सोमवार शाम को काछीवाड़ा निवासी बसंतीबाई कुशवाह के घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी। इस घटना में उनका सारा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया था। हालात यह थे कि आगे के जीवन बसर के लिए उनके पास कुछ नहीं बचा था। परिवार की आस थी प्रशासन से मिलने वाली सहायता, जिसमें अधिकारियों के अनुसार 15 से 20 दिन का समय लग सकता था। ऐसे में पीड़ित परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। इस बात की जानकारी जब विधायक अरुण भीमावद को मिली, तो वे खुद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने रोते-बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि जब मैं हूं तो किस बात की चिंता। इसके बाद उन्होंने पीड़ित परिवार से आगजनी में हुए नुकसान की जानकारी जुटाई, जो कुल मिलाकर 1 लाख से अधिक था। इसके बाद उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम मनीषा वास्कले से पूछा कि इन्हें मुआवजा कब और कितना मिलेगा। इस पर एसडीएम ने बताया कि करीब 60 से 70 हजार रुपए मिल सकता है, जिसमें 15 से 20 दिन का समय लगेगा। इस पर विधायक ने कहा कि जब तक राशि नहीं मिलेगी। यह परिवार जीवन यापन कैसे करेगा।

**तुरंत घरेलू सामान दिलवाओ।।।**

विधायक ने बिना देर किए भाजपा नगर अध्यक्ष व सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं। आशीष नागर व निज सचिव प्रदीप व्यास से कहा कि इस परिवार को अभी घरेलू सामान दिलवाओ। यही नहीं उन्होंने पीड़ित परिवार से कहा कि यह कुछ भी नहीं है। आपके लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले हैं। कभी भी कोई जरूरत हो, आप कभी भी मुझसे संपर्क कर सकते हैं। बुधवार शाम को परिवार को साथ लेकर पं। आशीष नागर अपने साथियो के साथ दुकान पहुंचे और जो-जो नुकसान हुआ था। वह सभी सामान परिवार को उपलब्ध करवाया। इस पर परिजनों ने विधायक अरुण भीमावद का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

**विधायक के मानवीय कार्य की सराहना...**

जब यह घटना घटी, उस समय पड़ोसियों ने आगे आकर आग बुझाने में उनकी सहायता की थी।आग लगने के कारण घर के हालात देखकर हर कोई चिंतित था कि अब यह परिवार अपना जीवन बसर कैसे करेगा, लेकिन जब विधायक ने मौके पर पीड़ित परिवार को घरेलू सामान दिलाने को कहा और हर समय उनकी मदद करने का भरोसा दिलाया, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति विधायक की इस पहल पर गदगद हो उठा और सभी ने करतल ध्वनि से विधायक अरुण भीमावद का आभार व्यक्त किया।



## जीवन जीने की सीख भी देते हैं खेल




**मक्सी।** महाकाल क्रिकेट क्लब शजापुर द्वारा शासकीय हाई सेकेंडरी ग्राउंड शाजापुर में 7 मई से 11 मई तक आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों एवं प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान खेल प्रेमियों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ।अनुष मित्तल तराना ने खिलाड़ियों एवं आयोजकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह अनुशासित जीवन जीने की सीख भी देता है।अनुशासन का अर्थ स्वयं पर नियंत्रण, नियमों का पालन, नियमितता एवं संयम से है, जो जीवन में एकाग्रता, उत्पादकता और सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शाजापुर के नवयुवाओं द्वारा खेल एवं युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु की गई इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए महाकाल क्रिकेट क्लब को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।टूर्नामेंट के समापन अवसर पर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा आयोजकों ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## ब्लैक स्पॉट्स का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

### दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दिए ठोस निर्देश



**आगर मालवा । जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग सहित विभिन्न चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का विस्तृत निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अभियान जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।**

निरीक्षण के दौरान जिले में पूर्व से चिन्हित 04 ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा की गई, साथ ही दुर्घटना संभावित 2 नए ब्लैक स्पॉट्स को भी चिन्हित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि पूर्व में किए गए परिशोधन कार्यों को और अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक एवं सुरक्षित बनाया जाए ताकि दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर सड़क इंजीनियरिंग, संकेतक व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा वाहन गति नियंत्रण के सभी आवश्यक उपायों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने गुंदी कला फंटा क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए वहां स्पीड ब्रेकर निर्माण एवं हाई मास्ट लाइट लगाए जाने हेतु निर्देशित किया, जिससे रात्रिकालीन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। पीपलोंन फंटा पर निर्मित स्पीड ब्रेकर को और अधिक प्रभावी बनाने, यातायात नियंत्रण को बेहतर करने तथा पूरे क्षेत्र को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित तिराहे के रूप में विकसित करने के निर्देश भी दिए गए। इसी क्रम में ढोटी जोड़ राधास्वामी सत्संग पॉइंट तथा तहसील कार्यालय, सेंट्रल स्कूल के सामने विशेष सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे इन अत्यधिक आवागमन वाले क्षेत्रों में वाहन गति नियंत्रित की जा सके और आमजन, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।इसके अतिरिक्त छावनी चौराहा, डाक बंगला सुसनेर एवं खेतीखेड़ा क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, प्रभावी स्पीड कंट्रोल उपाय एवं अन्य संरचनात्मक सुधारों को तत्काल लागू करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा।निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा, मैनेजर संध्या टाले, कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, सुसनेर थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस, सूबेदार जगदीश यादव आदि मौजूद रहे।

## यूरिया वितरण में गड़बड़ी, कांजा समिति प्रबंधक को हटाया

### ई विकास प्रणाली का पालन न करने पर पैक्स समिति पर कार्यवाहीं

**शाजापुर। जिला प्रशासन द्वारा उर्वरक वितरण में पारदर्शिता एवं शासन के निर्देशों के कड़ाई से पालन के लिए सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में 10 मई 2026 को पैक्स कांजा द्वारा पीओएस/आईएफएमएस प्रणाली के माध्यम से 27।9 मेट्रिक टन यूरिया वितरण दर्ज किया गया, जबकि ई विकास प्रणाली के अंतर्गत ई टोकन के माध्यम से मात्र 26।145 मेट्रिक टन यूरिया का ही वितरण पाया गया। समिति द्वारा 1।755 मेट्रिक टन यूरिया का वितरण ई विकास प्रणाली के माध्यम से दर्ज नहीं किया गया, जो शासन के निर्देशों एवं निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पैक्स समिति कांजा के समिति प्रबंधक को तत्काल प्रभाव से चार्ज से हटा दिया गया है।**

उपसंचालक कृषि आरएल जामरे ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही/नियमों की अवहेलना अथवा पोर्टल पर जानकारी दर्ज किए बिना वितरण करने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में समस्त प्रकार का कुल 35500 मे।टन से अधिक उर्वरक सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रवार, एमपी एग्रो, निजी विक्रेता केन्द्रों पर उपलब्ध है। किसानों से अपील है कि फसलों की बोवनी के लिए फसलों की आवश्यकता अनुसार यूरिया, एसएसपी, एनपीके, डीएपी, पोटाश खाद की पूर्ण मात्रा को उठा सकते हैं। यदि किसान चाहें तो पुन: पोर्टल पर प्रक्रिया का पालन कर अपनी आवश्यकता अनुसार खाद बुक कर अपनी सुविधानुसार उठा सकते हैं।

## खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए

**शाजापुर । कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देश पर अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में गत दिवस संयुक्त दल की जांच में सर्वप्रथम शिकायतकर्ता बाला ट्रेडर्स एवं दूध डेयरी गिरना तहसील गुलाना से महाकाल डेयरी शुजालपुर से भैंस के दूध, सेंधव दूध डेयरी अरंडीया से मिश्रित दूध और राठौर ट्रेडिंग कंपनी राघोखेड़ी तहसील कालपीपल गेहूं का आटा के सेंपल लिए।**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि डेयरी संचालकों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक स्तर के ही दूध संग्रहण एवं विक्रय के निर्देश दिए तथा संचालक को पैक सामग्री पर लेबल निर्माण एवं पैकिंग तिथि तथा बेस्ट बिफोर की जांच कर अवधि व्यतीत सामग्री तत्काल हटाने के निर्देश दिए। सभी 4 सैंपल जांच के लैब भेजे जा रहे है। जांच रिपोर्ट तथा विवेचना में प्राप्त निष्कर्ष के आधार न्यायालयीन कार्यवाही की जाएगी। जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विभाग का जिला स्तरीय दल शामिल रहा।

**एक नजर में** | हाईवे पर हादसे कम करने के लिए पुलिस ने उठाया कदम


## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पनवाड़ी के ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण




**शाजापुर। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के निर्देशन में यातायात पुलिस शाजापुर द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।**

पुलिस अधीक्षक राजपूत के निर्देशों के अनुपालन में वर्ष 2026 में थाना सुनेरा क्षेत्रान्तर्गत चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थल पनवाड़ी जोड़ का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहनों की तेज गति को नियंत्रित करने के लिए सड़क पर ज़िग जैग व्यवस्था बनाए जाने, कैट आई एवं टीबीएम मार्किंग, रोड मार्किंग में तात्कालिक सुधार, वाहन चालकों को चेतावनी एवं सतर्कता के लिए सड़क दुर्घटना चेतावनी बोर्ड लगाए जाने जैसे शॉर्ट टर्म सुधार कार्य तत्काल किए जाने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी एवं ओरिएंटल शाजापुर को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से संबंधित स्थल पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए नेशनल हाईवे के माध्यम से वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाने का निर्णय भी लिया गया।

उल्लेखनीय है कि ब्लैक स्पॉट पनवाड़ी जोड़ क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं, जिनमें होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संयुक्त रूप से निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर निर्णय लिया गया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उक्त ब्लैक स्पॉट स्थल पर वाहनों की अत्यधिक तेज गति सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रही है, जिसे नियंत्रित करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।संयुक्त निरीक्षण दल में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाजापुर, रक्षित निरीक्षक सौरभ कुमार शुक्ला, थाना प्रभारी यातायात पुलिस शाजापुर, उप निरीक्षक अंकित मुकाती थाना प्रभारी सुनेरा, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से आकाश सिंह सिसोदिया एवं रूट मैनेजर रवि दवाने ओरिएंटल शाजापुर के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### लाड़ली बहनों के खातों में आई राशि

**शाजापुर ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से शाजापुर जिले की 1,71,032 लाडली बहनाओं के बैंक खाते में 25 करोड़ 65 लाख 48 हजार रूपये की राशि अंतरित की। इस दौरान जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाडली बहना के राज स्तरीय कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण सेक्टर स्तर पर आंगनवाड़ी केंद्रों पर दिखाया गया। कार्यक्रम के पूर्व महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कार्यक्रमों में उपस्थित महिलाओं को बालिकाओं में पोषण से एनीमिया रोकथाम, जिले के नवाचार घर में पकाएंगे घर का खाएंगे, अंतर्गत मोटे अनाज, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों एवं आयरन युक्त खाद्य पदार्थो पालक, चुकंदर, हरी सब्जियां व केल्शियम की पूर्ति के लिए दूध व दूध से बने व्यंजन का उपयोग दैनिक जीवन में नियमित करने की जानकारी दी गई।